**5.** निम्नलिखित में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *1×4=4*

(क) स्तंभ-लेखन की आवश्यकता क्या है ?

(ख) विशेष-लेखन किसे कहते हैं ?

(ग) जनसंचार माध्यमों में 'द्वारपाल' की भूमिका लिखिए ।

(घ) पूर्णकालिक पत्रकार से आप क्या समझते हैं ?

(ङ) रेडियो की भाषा शैली की दो विशेषताएँ लिखिए ।

**6.** रोज़गार के लिए 'शहरों की ओर पलायन' विषय पर एक आलेख लिखिए । *3*

**अथवा**

'होली रंगों का पर्व' पर एक फ़ीचर तैयार कीजिए ।

## खण्ड ग

**7.** निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : *6*

लघु सुरधनु-से पंख पसारे – शीतल मलय समीर सहारे ।
उड़ते खग जिस ओर मुँह किए – समझ नीड़ निज प्यारा ।
बरसाती आँखों के बादल – बनते जहाँ भरे करुणा-जल ।
लहरें टकरातीं अनंत की – पाकर जहाँ किनारा ।

**अथवा**

कंत कहाँ हौं लागौ हियरै । पंथ अपार सूझ नहिं नियरें ।
सौर सुपेती आवै जूड़ी । जानहुँ सेज हिवंचल बूढ़ी ।।
चकई निसि बिछुरै दिन मिला । हौं निसि बासर बिरह कोकिला ।।
रैनि अकेलि साथ नहिं सखी । कैसे जिऔं बिछोही पँखी ।।

**8.** निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *2+2=4*

(क) 'बनारस' कविता में 'खाली कटोरों में वसंत का उतरना' कथन से कवि का क्या आशय है ? स्पष्ट कीजिए ।

(ख) 'मैं जानउँ निज नाथ सुभाऊ' में भरत राम के स्वभाव की किन विशेषताओं की ओर संकेत कर रहे हैं ?

(ग) घनानंद के 'हियो हितपत्र' की क्या विशेषताएँ थीं और अजान सुजान ने उस पत्र का क्या किया ?

(घ) 'एक कम' कविता में हाथ फैलाने वाले व्यक्ति को कवि ने ईमानदार क्यों कहा है ? कथन में निहित व्यंग्य को स्पष्ट कीजिए ।



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

**11.** निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *3×2=6*

(क) बड़ी बहुरिया अपने मायके संवाद क्यों भेजना चाहती थी ? संवदिया यह संवाद कहे बिना ही क्यों लौट आया ?

(ख) 'कच्चा चिट्ठा' का लेखक बुढ़िया से बोधिसत्व की आठ फुट लम्बी सुन्दर मूर्ति प्राप्त करने में कैसे सफल हुआ ?

(ग) 'शेर' लघुकथा में लेखक ने शेर के मुँह और रोज़गार के दफ़्तर में क्या समता दिखाई है ? इस व्यंग्य पर टिप्पणी कीजिए ।

(घ) जीवन-भर के साथी का चुनाव करने के लिए ढेले चुनने की प्रथा पर अपने विचार व्यक्त कीजिए ।

**12.** सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' अथवा घनानंद कवि का साहित्यिक परिचय देते हुए उनकी काव्यगत विशेषताएँ लिखिए । *5*

**अथवा**

निर्मल वर्मा अथवा ममता कालिया का जीवन-परिचय देते हुए उनकी भाषागत विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।

**13.** सूरदास को अपनी झोंपड़ी जल जाने का इतना दुख नहीं था जितना रुपयों की थैली खो जाने का । कारण स्पष्ट कीजिए । *4*

**अथवा**

"हम तो सौ लाख बार बनाएँगे" – इस कथन के संदर्भ में सूरदास के चरित्र का विवेचन कीजिए ।

**14.** निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *4×2=8*

(क) "सिर पर पहाड़ टूटने की कहावत सुनने में भारी नहीं लगती, सच्चाई वही जानता है जिस पर सचमुच में पहाड़ टूटा हो" – भूपसिंह के इस कथन का दर्द 'आरोहण' कहानी के आधार पर अपने शब्दों में लिखिए ।

(ख) कोइयाँ किसे कहते हैं ? उसकी विशेषताओं का उल्लेख 'बिस्कोहर की माटी' के आधार पर कीजिए ।

(ग) मालवा में विक्रमादित्य, भोज और मुंज के समय से जल-संरक्षण के क्या-क्या उपाय किए जाते थे ? आज की सभ्यता नदियों को गंदे पानी के नाले किस प्रकार बना रही है ?

(घ) 'आरोहण' कहानी के आधार पर बताइए कि विषम परिस्थितियों में भी शैला और भूपसिंह ने जीवन की नई कहानी कैसे लिखी ।



StudentSuvidha.com downloaded from
Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com